भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 4012
सोमवार, 30 मार्च, 2026 (9 चैत्र, 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

नागरिक उड्डयन क्षेत्र में कार्यबल, सुरक्षा और बुनियादी ढांचे से संबंधित बाधाएं

4012. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अनुसूचित एयरलाइनों द्वारा रिपोर्ट की गई रिक्तियों की वर्ष-वार संख्या क्या है और क्या वर्ष 2023 से कमी का कोई आकलन किया गया है;

(ख) वर्ष 2023 से तकनीकी खराबी या रखरखाव में देरी के कारण ग्राउंडेड विमानों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) वर्ष 2023 से नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा उड़ान ड्यूटी समय-सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों से संबंधित जारी किए गए सुरक्षा उल्लंघन नोटिसों की वर्ष-वार संख्या कितनी है; और

(घ) घोषित क्षमता से अधिक क्षमता पर संचालित हवाई अड्डों और अपनी क्षमता से 25 प्रतिशत कम यात्री उपयोग वाले परिचालन हवाई अड्डों की राज्य-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): भारतीय विमानन क्षेत्र में समग्र रूप से पायलटों या चालक दल की कोई कमी नहीं है। तथापि, कुछ प्रकार के विमानों के लिए अनुभवी कमांडरों की कमी है, जिसका समाधान फॉरेन एयरक्रू टेंपोररी औथोराइजेशन (एफएटीए) के तहत विदेशी पायलटों को नियुक्त करके किया जा रहा है।

(ख): तकनीकी दोषों या अनुरक्षण संबंधी विलंब के कारण ग्राउंड किए गए विमानों की रिपोर्ट की गई संख्या वर्ष 2023 में 356, वर्ष 2024 में 414, वर्ष 2025 में 567 और वर्ष 2026 में 99 (दिनांक 25.03.2026 तक) थी।

(ग): मेसर्स एअर इंडिया को एआई 171 / एआई 172 के बैंगलोर-लंदन सेक्टरों पर निर्धारित उड़ान समय (एफटी) से अधिक उड़ान भरने (मई 2025) के लिए दिनांक 11 अगस्त, 2025 को चेतावनी दी गई थी।

(घ): हवाईअड्डों पर यात्री यातायात कई कारकों जैसे सीजनल मांग, त्योहार, छुट्टियां और एयरलाइन अनुसूचियों के आधार पर भिन्न-भिन्न होता है। व्यस्ततम यात्रा अवधि के दौरान, कुछ हवाईअड्डों पर यात्री यातायात अधिक हो सकता है जिससे अस्थायी तौर पर भीड़भाड़ हो

सकती है। तथापि, हवाईअड्डा प्रचालक यात्री यातायात की निरंतर निगरानी करते हैं और सुचारू यात्री सुविधा और कुशल हवाईअड्डा प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रचालन संबंधी आवश्यक उपाय करते हैं।

******